# लोक शिक्षण संचालनालय
## छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन, ब्लॉक-3 प्रथम तल, अटल नगर, नवा रायपुर
फोन नम्बर- 0771-2331385, ई-मेल- cg.dpi.dir@gmail.com

क्र./ RTE Portal/ 2027-28/ 188 नवा रायपुर, दिनांक 01/09/26

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर
   छत्तीसगढ़
2. समस्त संयुक्त संचालक (शिक्षा संभाग)
   रायपुर,दुर्ग,बिलासपुर,बस्तर,सरगुजा
   छत्तीसगढ़
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
   छत्तीसगढ़

विषय: ऑनलाईन आर.टी.ई.पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2027-28 हेतु प्रवेश की कार्यवाही के संबंध में समयसारणी ।

संदर्भः शासन का पत्र क्रमांक/जीईएनसीओआर-35019/2449/20-3 नवा रायपुर दिनांक 08.07.2026

-----

संदर्भित शासन की कंडिका 3 के अनुसार राज्य शासन द्वारा देश के अन्य शिक्षा बोर्ड, मण्डलों के समान ही छत्तीसगढ़ में भी शिक्षा सत्र का संचालन आगामी वर्ष से प्रतिवर्ष 01 अप्रैल से 31 मार्च तक किये जाने का निर्णय लिया गया है।

तद्नुसार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अन्तर्गत् वर्ष 2027-28 हेतु प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आर.टी.ई.पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन/भर्ती की कार्यवाही की जानी है। पूर्व में इस कार्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया एवं ऑनलाइन पद्धति के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में अधिनियम के प्रावधान अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण,मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण करना, आरक्षित सीटों का निर्धारण, प्रवेश एवं सूचना हेतु आवेदन प्राप्त करना,आवेदन पत्रों की समीक्षा तथा प्रचार-प्रसार, आबंटन प्रक्रिया एवं शिक्षा सत्र 2026-27 तक की शुल्क प्रतिपूर्ति राशि के सत्यापन का कार्य भी उक्त प्रक्रिया के साथ साथ किया जाना है।

शासन के पत्र दिनांक 08.07.2026 के परिपालन में ऑनलाईन आर.टी.ई.पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अन्तर्गत वर्ष 2027-28 हेतु प्रवेश की कार्यवाही के संबंध में समयसारणी निर्धारित किया जाता है:-

सत्र 2027-28 हेतु आर.टी.ई.12.1(सी) के तहत प्रवेश हेतु समय-सारणी

| क्र | कार्य | समय-सारणी |
|---|---|---|
| 1 | स्कूल प्रोफाईल अपडेट/नया स्कूल रजिस्ट्रेशन /हेबिटेशन मैपिंग | दि.02.11.2026 से दि.25.11.2026 |
| | नोडल प्राचार्य,डी.ई.ओ. द्वारा स्कूल | |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | प्रोफाइल का सत्यापन एवं सीट प्रकटीकरण | दि.02.11.2026 से दिनांक 28.11.2026 |
| 3 | प्रवेश हेतु छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन | दि.01.12.2026 से 31.12.2026 |
| 4 | नोडल प्राचार्य द्वारा दस्तावेज सत्यापन एवं आवेदनों में कमी होने पर आवेदक से आवश्यक संशोधन करवाना | दि.01.12.2026 से दि.07.01.2027 |
| 5 | राज्य स्तर से जिलावार लॉटरी | दि.11.01.2027 एवं दिनांक 12.01.2027 |
| 6 | चयनित छात्रों का दाखिला | दि.14.01.2027 से दि. 10.02.2027 |

उपरोक्तानुसार संदर्भित शासन निर्देश के परिपालन में सत्र 2027-28 की प्रवेश की कार्यवाही के संबंध में जारी समय-सारणी के अनुसार समयसीमा में कार्यवाही पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
RITURAJ RAGHUVANSHI
Date: 01-09-2026
12:35:19

संचालक
लोक शिक्षण, छत्तीसगढ़
अटल नगर, नवा रायपुर

पृ. क्र./ RTE Portal/ 2027-28/ 189 नवा रायपुर, दिनांक 01/09/26
प्रतिलिपि,

1. निज सचिव,माननीय मंत्री,जी, छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर।
2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, छ.ग. को सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा,छत्तीसगढ़।
4. समस्त नोडल प्राचार्य शास.उ.मा.वि. (आर.टी.ई.) छत्तीसगगढ़ ।
5. समस्त निजी विद्यालय छत्तीसगढ़ ।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/-

संचालक
लोक शिक्षण, छत्तीसगढ़
अटल नगर, नवा रायपुर